Title: Need to construct a road connecting Pakbada at National Highway No. 24, Moradabad with National Highway at Kashipur, U.P. and declare it as a National Highway.

श्री चन्द्र विजय सिंह (मुरादाबाद) : महोदय, उत्तरांचल प्रदेश के कुमाऊं अंचल की दिल्ली से दूरी कम करने हेतु यदि सरकार मुरादाबाद शहर से पहले राट्रीय राजमार्ग 24 पर स्थित पाकबड़ा के समीप एक नये राट्रीय राजमार्ग की स्थापना करे, जो गांगन नदी पार करते हुए मुरादाबाद हरिद्वार मार्ग को भी पार करते हुए राम गंगा नदी पर नया पुल स्थापित करके काशीपुर राजमार्ग पर मिले। इस नये मार्ग से करोड़ों रुपये का पैट्रोल, डीजल बचेगा। मुरादाबाद शहर रामगंगा के पार बस जायेगा, जिससे उन्नति होगी। हजारों गांवों को लाभ मिलेगा। उत्तरांचल और दिल्ली के बीच लगभग 30-40 किलोमीटर की सड़क यात्रा बचेगी। इस राट्रीय राजमार्ग का शीघ्र निर्माण राट्रहित में होना चाहिए। जरूरत पड़ने पर सेना को भी बोर्डर पर पहुंचाने हेतु करीब हो जायेगा, भारत की सुरक्षा की दृटि से इस नए मार्ग की अति आवश्यकता है।